संज्ञा

परिभाषा- जो शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी और भाव आदि के नाम का बोध कराते हैं, उन्हें संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण- भरत, मेज, बचपन, नीला आदि।

संज्ञा के भेद

भाववाचक संज्ञा

जो संज्ञा शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के गुण, दोष, भाव, दशा या अवस्था का बोध कराते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण: खुशी, बचपन

द्रव्यवाचक संज्ञा

जो संज्ञा शब्द किसी धातु, द्रव्य या पदार्थ का बोध कराते हैं, उन्हे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण: पीतल, सोना, तेल

जातिवाचक संज्ञा

जिन संज्ञा शब्दों से किसी व्यक्ति वस्तु या स्थान की संपूर्ण जाति का पता चले, उन्हे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण: पेड़, फल, सब्जी

समूहवाचक संज्ञा

जो संज्ञा शब्द किसी प्राणी या वस्तु आदि के समूह या समुदाय का बोध कराते हैं, उन्हे समूहवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे: सेना, भीड़, झुंड

व्यक्तिवाचक संज्ञा

जो संज्ञा शब्द किसी विशेष व्यक्ति, स्थान या वस्तु का बोध कराते हैं, उन्हे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण: महात्मा गांधी